हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 26 मार्च 2026, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भारत में रूसी संघ के राजदूत डेनिस अलीपोव ने हरियाणा और रूस के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और सुदृढ़ करने पर बल दिया है। कल चंडीगढ़ में हुई बैठक के दौरान दोनों ने सहयोग के नए अवसरों की तलाश को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान भारत और रूस के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत और भरोसेमंद संबंधों की समीक्षा की गई। इसके साथ–साथ, हरियाणा से रूस को निर्यात बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार–विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने आई. टी. ऑटोमोबाइल, कृषि प्रसंस्करण, वस्त्र और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में राज्य की क्षमताओं को रेखांकित किया और कहा कि हरियाणा रूसी बाजार की मांगों को पूरा करने में सक्षम है। दोनों पक्षों ने व्यापार को सुगम बनाने, लॉजिस्टिक चुनौतियों को दूर करने, बाजार पहुंच बढ़ाने और निर्यात-उन्मुख निवेश को प्रोत्साहित करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में विकसित हो रहे नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम का उल्लेख करते हुए रूसी संस्थानों और कंपनियों को इसमें सहयोग के लिए आमंत्रित किया। बैठक में हरियाणा और रूस के विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया ।

****

केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया की स्थिति को लेकर सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा की है। कल शाम रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद भवन परिसर में हुई सर्वदलीय बैठक में इस बारे सब की राय ली गई और सरकार के रुख से अवगत करवाया गया। केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक के बाद कहा कि पश्यिम एशिया संकट पर सभी दलों के सदस्यों के सभी प्रश्नों और चिंताओं का सरकार ने समाधान किया है।

मैं आपको यह बताते हुए संतुष्ट महसूस कर रहा हूं कि सारे विपक्ष में जो-जो सवाल की जो जानकारी प्रात करना चाहा सरकार ने जवाब दिया और अंत में सारे विपक्ष के साथियों ने यह

<u>कहा है कि संकट की इस घडी में सरकार जो फसला करेंगे जैसे परिस्थिति है उसके हिसाब से कदम उठाएंगे और सब एकजुट होकर साथ देंगे यह सबने कहा है।</u>

यह बैठक पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच हुई हैं। सर्वदलीय बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसद में पश्चिम एशिया स्थिति पर दिए गए संबोधन के बाद हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सरकार ने ईरान-इस्राएल-अमरीका संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए ईंधन, आपूर्ति श्रृंखला, उर्वरक और अन्य क्षेत्रों पर रणनीतियां विकसित करने के लिए सात सशक्त समूहों का गठन किया है।

****

हरियाणा के खाद्य नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा है कि प्रदेश में गेहूं की सरकारी खरीद पहली अप्रैल से आरंभ होगी। उन्होंने कल लाडवा में बताया कि गेहूं की सुचारू खरीद के लिए 416 मंडियां व खरीद केंद्र खोले गए हैं। इन मंडियों व खरीद केंद्रों पर गेहूं की खरीद खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड, हरियाणा वेयरहाउसिंग कारपोरेशन तथा खाद्य निगम द्वारा की जाएगी। श्री नागर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खाद्यान्नों की खरीद प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़ करने हेतु वर्तमान में कार्यरत ई-खरीद पोर्टल को अपग्रेड किया गया है।

****

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने होटल और रेस्तरां को निर्देश दिया है कि वे उपभोक्ताओं से एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क न लें। प्राधिकरण ने कहा है कि वह देशभर में इस पर निगरानी रख रहा है और इसका उल्लंघन करने पर उचित कार्रवाई की जाएगी तथा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्राधिकरण ने बताया कि सेवा शुल्क संबंधी मौजूदा दिशानिर्देशों से बचने के लिए ऐसे शुल्क लगाए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने कहा कि ऐसे मामलों में लोगों को होटल या रेस्तरां से बिल से शुल्क हटाने का अनुरोध करना चाहिए।

****

मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत परसों 28 मार्च को अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए विशहस रेलगाड़ी चलाई जाएगी। चलेगी। इस रेलगाड़ी को हरियाणा के

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अम्बाला के उपायुक्त ने बताया कि अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन से अम्बाला से अयोध्या के लिए यह विशेष रेलगाड़ी 4 बजे रवाना की जाएगी। अम्बाला, पंचकूला व यमुनानगर के श्रद्धालु, जिन्होंने सरल पोर्टल पर पंजीकरण किया था, वे अंबाला छावनी से अयोध्या यात्रा के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि सभी श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए संदेश भेज दिया गया है। काबिलेगौर है की प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के पात्र बुजुर्ग श्रद्धालुओं को विभिन्न तीर्थ स्थलों की निशुल्क तीर्थ यात्रा करवाने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू की गई है। इसी कड़ी में यह विशहस रेलगाड़ी कुरूक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत होते हुए दिल्ली के रास्ते होते हुए अयोध्या भेजी जा रही है।

****